**दबिश** | जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की छापामार कार्रवाई, तेल का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

# गदंगी के बीच चल रही थी तेल पैकेजिंग यूनिट



**नवभारत, कटनी।** जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुठला स्थित उत्तम ट्रेडर्स कटनी प्रोप्राइटर अतुल सचदेवा के खाद्य तेल गोदाम और कारखाने की जांच की गई। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजस्व और खाद्य प्रसंस्करण विभाग की संयुक्त टीम ने प्रोप्राइटर अतुल सचदेवा के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के कारखाने में विभिन्न खाद्य तेलों की पैकेजिंग गतिविधियां संचालित पाई गईं। जांच के दौरान गोदाम में कई नामी ब्रांडों के भरे एवं खाली टीन और प्लास्टिक डिब्बों का भारी स्टॉक मिला। इनमें सुपरलाइट रिफाइंड कुकिंग ऑयल, केसरी पुष्प राइस ब्रान ऑयल, कली रिफाइंड ऑयल, उत्तम सोयाबीन ऑयल, यूटी उत्तम सोयाबीन, महाकोश सोयाबीन, सिक्का सरसों, दो फूल सरसों, न्यूट्रीप्लस पाम ऑयल, विश्वास राइस ब्रान ऑयल सहित अन्य ब्रांड शामिल हैं। साथ ही तुलसी, किंग्स, प्रभात, कमल फूल, जय गोल्ड और सेवन सेहत जैसे ब्रांडों के खाली डिब्बे भी बड़ी मात्रा में पाए गए। मौके पर विभिन्न ब्रांडों के स्टिकर भी बड़ी मात्रा में मिले, जिससे उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग को लेकर संदेह की स्थिति बनी। गोदाम में बैतूल ऑयल लिमिटेड, सतना से आया लगभग 24.920 मीट्रिक टन तेल से भरा टैंकर खड़ा पाया गया, वहीं चंदिया भेजे जाने हेतु एक अन्य टैंकर भी लोड स्थिति में मिला। इसके अलावा गुरुकृपा प्लास्टिक कंपनी, सतना से खाली डिब्बों से लदी गाड़ी भी मौके पर मौजूद थी। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। तेल की गुणवत्ता जांच के लिए कोई प्रयोगशाला या तकनीकी स्टाफ भी उपलब्ध नहीं मिला। परिसर में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई और नापतौल विभाग से संबंधित स्टाम्पिंग दस्तावेज भी अनुपस्थित थे। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न ब्रांडों के तेल के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में तहसीलदार अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी, सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, ओपी साहू, ब्रजेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# नाले में जगह-जगह उतार-चढ़ाव से हो रहा जलभराव

**शिकायत पर महापौर ने किया निरीक्षण, सुधार के निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** शहर के बालाजी नगर क्षेत्र में हाल ही में निर्मित नाले को लेकर मिल रही शिकायतों पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संज्ञान लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य, संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। महापौर के पहुंचते ही क्षेत्रीय नागरिकों नाले के निर्माण में आई खामियों बताई। वार्डवासियों ने बताया कि नाले में जगह-जगह अप-डाउन होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर पानी रुकने से जलभराव की स्थिति बन रही है। महापौर ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने नाले की संरचना, ढाल, जल प्रवाह की स्थिति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले में मौजूद सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए। पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुगम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।

**एक नजर में**

## स्कूलों में 6 से 22 तक लगेंगे आधार शिविर

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्कूलों में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आधार कैंप लगाकर विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़े। इसलिए विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर इसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हित स्कूलों में 6 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच आधार कैंपों के आयोजन के लिए अलग-अलग तिथियां तय की गई हैं। इन कैंपों में छात्रों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अद्यतन न होने के कारण ई-केवाईसी से वंचित आवेदकों का भी आधार अद्यतन कराने का दायित्व संबंधित रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और पटवारी को सौंपा गया है। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा अपडेशन के लिए निर्धारित शुल्क संबंधित से लिया जाएगा। शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिए जागरूक किया जाए और उन्हें आधार कैंपों में बुलाया जाए। ताकि आधार अपडेट किया जा सके। जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड कटनी के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल चाका, शासकीय हाई स्कूल हिरवारा, शासकीय मॉडल स्कूल रॉबर्ट लाइन हॉस्टल में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल मझगवां फाटक में 11 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, शासकीय न्यू गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्हवारा में 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पिपरौंध में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक, शासकीय हाईस्कूल कुठला में 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जिले के अन्य सरकारी स्कूल में भी शिविर लगाए जाएंगे।

# कार से नाबालिग को अपहरण करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले में लापता नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोजबीन के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक नाबालिग खोज लिया है। साथ ही नाबालिग का अहपहरण करने वालों को भी गिरफ्तार किया गया है।

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे बताया कि 3 अप्रैल की रात परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग लड़की मामा के घर आई थी और घर से रामलीला देखने के लिए निकली थी, इसी दौरान अज्ञात कार सवार युवकों ने उसका अपहरण कर लिया है। पुलिस ने शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की। दो अलग-अलग पुलिस टीम बनाई गई और कंट्रोल रूम में सूचना देकर पूरे क्षेत्र की चौतरफा नाकाबंदी कराई गई। पुलिस ने खोजबीन के दौरान नाबालिग को सुरक्षित खोज लिया और उसे उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने इस मामले में कार सवार युवकों को नाबालिग का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्ता कर लिया है। पकड़े गए आरोपी नागौद निवासी राज बागरी और विनय बागरी हैं, आरोपियों में एक नाबालिग युवक भी शामिल हैं। कार्रवाई और सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसआई संतोष विश्वकर्मा, आरक्षक पंकज, गंधर्व सिंह, अजय धुर्वे, रंजीत सिंह, महिला आरक्षक शालिनी राजपूत और साइबर सेल से आरक्षक अमित की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्श में की गई है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस पूरी मुस्तैदी से पुलिस लापता नाबालिगों की खोजबीन कर रही है।

# मिलन समारोह से बढ़ता है उत्साह, कम होता है तनाव



**पत्रकार मिलन समारोह में शामिल हुए कलेक्टर और एसपी**

**नवभारत, कटनी।** जिला पत्रकार संघ द्वारा परस्पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को होटल उर्वशी में आयोजित किया गया। मिलन समारोह में पत्रकारों ने पत्रकारिता जगत में वर्तमान कठिन चुनौतियों पर विचार मंथन किया। पत्रकार मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और जिला पत्रकार संघ के संस्थापक कृष्णकांत अग्निहोत्री की उपस्थिति रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर आशीष तिवारी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रियदर्शन गौर, आशुतोष शुक्ला, स्वतंत्र पत्रकार और अधिवक्ता अश्वनी बड़ग़ैया, जनसंपर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा व भवानी तिवारी ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, महासचिव गिरीश श्रीवास्तव, प्रवक्ता भवानी तिवारी, संगठन मंत्री रोहित सेन, अंकुश रजक ने मंचासीन अतिथियों का तिलक वंदन करते हुए पुष्पहारों से स्वागत किया। इसके बाद पत्रकार साथियों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में जिला पत्रकार संघ के संबंध में सभी को बताया। उन्होने कहा कि 1970 में पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए जिला पत्रकार संघ का गठन किया गया था। जिला पत्रकार संघ में संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सत्येन्द्र पाठक रहे और वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री अध्यक्ष बने। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ पत्रकार और कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ पार्षद प्रियदर्शन गौर ने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापकता के उस पायदान पर खड़ा है जहां पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण पेशा बन गई है।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अश्वनि बड़गैया ने कहा पत्रकारों को पत्रकारिता जगत में संस्थाओं से कभी पत्रकारिता करने की स्वतंत्रता नसीब नहीं हुई। पत्रकारिता का व्यवसाय जिस दिन थमेगा पत्रकार की कलम स्वतः बोलेगी। पत्रकार आशुतोष शुक्ला ने कहा पत्रकारिता का क्षेत्र अब विस्तृत हो गया है इसमें पत्रकारों को चुनौती भी है और सरलता सहजता भी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पत्रकार संघ के आयोजको को शुभकामनाएं दी और कहा कि पत्रकार बंधुओं द्वारा परस्पर सदभाव के ऐसे आयोजनों से मनोबल और पत्रकारिता के प्रति उत्साह बढता है। पत्रकार सुबह से लेकर शाम तक खबरों की खोज में लगे रहते हैं। उन्हें इतना समय भी नहीं मिलता कि वे अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता सकें। काम के तनाव के बीच मिलन समारोह जैसे आयोजनों से उन्हें अपनी खुशी का इजहार करने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। पत्रकार मिलन समारोह में वष्ठि पत्रकार लालजी शर्मा, आशीष सोनी, वंदना तिवारी, सुरेन्द्र राजपूत, सुनील मुरारी, कमलेश सिंह, संजय शर्मा, रजनीश बाजपेयी, शिव प्रताप सिंह, बाल्मीकि पांडेय, रवि पांडे, अनिल राज तिवारी, मुकेश तिवारी, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, अशोक वर्मा, राकेश चतुर्वेदी, अमित यादव, मनोज प्यासी, विकास बर्मन, जितेन्द्र द्विवेदी, सुजीत तिवारी, यश खरे, सुनील यादव, प्रकाश पटेल, जाहिद हुसैन सिद्दकी, असलम खान, शकील खान, सचिन तिवारी, दिलीप शुक्ला, राहुल उपाध्याय, संजय खरे, राकेश तिवारी, प्रभाकर सिंह, अभिषेक शुक्ला, अमित तिवारी, अनन्त चतुर्वेदी, अंकुश रजक, तपन निषाद, जितेन्द्र राय, विजय उपाध्याय, अंशुल बेहरे, शरद यादव, अवधेश सिंह चौहान सहित सभी पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# अज्ञात बीमारी से एक साथ 61 बकरियों की मौत

**पशुपालक ने पुलिस चौकी में की शिकायत, जांच शुरू**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कचनारी के ग्राम मझगवां में 61 बकरियों की अचानक मौत होने से पशुपालकों में दहशत का माहौल है। पीड़ित पशुपालक दरबारी लाल यादव ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह सुबह अपनी बकरियां चराने के लिए ले गए थे। चराई के दौरान उनकी बकरियां के झुंड में एक बाहरी बकरी शामिल हो गईं। जब शाम को दरबारी लाल अपनी बकरियों को वापस लेने पहुंचे, तो वहां उनकी 61 बकरियां मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी थीं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाया गया। प्राथमिक निरीक्षण के बाद चिकित्सक ने किसी अज्ञात संक्रामक रोग के कारण बकरियों की मौत होने की आशंका जताई है। पीड़ित ने इस मामले की लिखित शिकायत सिलौड़ी पुलिस चौकी में दर्ज कराई है। चौकी प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि घटना के हर पहलू की जांच की जाएगी। इस घटना में किसी की संलिप्तता या लापरवाही पाई जाती है, तो दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

पीड़ित पशुपालक दरबारी लाल यादव ने कहा की मेरी पूरी जमापूंजी खत्म हो गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उसे उचित मुआवजा दिलाया जाए ताकि वह अपना जीवनयापन दोबारा शुरू कर सके।

## जिले में हार्वेस्टर के लिए स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य

**नवभारत, कटनी।** जिले में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने फसल कटाई के लिए उपयोग होने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगा होना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम नहीं है, तो हार्वेस्टर मालिक को बेलर की व्यवस्था करनी होगी ताकि फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सके। आदेश का पालन नहीं करने सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीमित संसाधनों में बड़ा बदलाव, डैम और रेस्ट हाउस ने बदली तस्वीर

**जिला पंचायत सीईओ ने की पंचायत के कार्य की सराहना**



**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बसुधा आज विकास की एक नई पहचान बनकर उभरी है। जहां कभी मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, वहीं अब नव-निर्मित डेम और आकर्षक रेस्ट हाउस गांव को नई दिशा दे रहे हैं। इस बदलाव को और मजबूती मिली, जब जिला पंचायत सीईओ श्रीमति हरिसिमरन सिंह कौर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया। जिला सीईओ अपने प्रशासनिक दल के साथ बसुधा पहुंचीं और पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। डेम की संरचना और रेस्ट हाउस की सुविधाओं को देखकर उन्होंने खुलकर सराहना की। बसुधा पंचायत ने सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तरह विकास कार्यों को अंजाम दिया है, वह अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। निरीक्षण के दौरान सरपंच अय्यूब खान और सचिव शिव लाल यादव द्वारा रेस्ट हाउस में की गई व्यवस्थाओं ने भी अधिकारियों का ध्यान खींचा। स्वादिष्ट भोजन और साफ-सुथरे इंतजामों की सीईओ ने विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं पंचायत की जिम्मेदारी और कार्यशैली को दर्शाती हैं। निरीक्षण के बाद सीईओ ने पंचायत को शेष आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं को और गति मिल सके। इस दौरान सरपंच अय्यूब खान ने मुख्य मार्ग से रेस्ट हाउस तक पहुंचने वाले रास्ते में बरसात के समय आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए पक्की पुलिया निर्माण की मांग रखी। सीईओ ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए उसे तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। सीईओ ने यह भी कहा कि इस तरह के विकास कार्य न सिर्फ गांव की तस्वीर बदलते हैं, बल्कि पर्यटन की संभावनाओं को भी बढ़ाते हैं।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए वरदान बनेगी पीएम राहत योजना

**नवभारत, कटनी।** सड़क दुर्घटनाओं के दौरान गोल्डन ऑवर दुर्घटना के बाद का पहला घंटा में पीड़ितों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 शुरू की गई है। इस योजना के तहत अब दुर्घटना का शिकार हुए किसी भी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती होने के लिए तत्काल पैसों की चिंता नहीं करनी होगी। प्रत्येक पीड़ित को दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रूपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। योजनांतर्गत आयुष्मान भारत से जुड़े सभी अस्पताल और योजना में विशेष रूप से नामांकित अन्य अस्पताल इस सेवा को प्रदान करेंगे। अस्पताल को पूर्व-प्राधिकरण का इंतजार किए बिना तत्काल उपचार शुरू करना होगा। इस योजना के तहत पुलिस की प्राथमिकता पीड़ित को अस्पताल पहुंचाना होगी। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट पर विवरण भरेंगे, जिससे पीड़ित की एक यूनिक आईडी बनेगी। पीड़ित सीधे अस्पताल पहुंचता है, तो पुलिस को 24 घंटे के भीतर पुष्टि करनी होगी कि वह वास्तविक सड़क दुर्घटना का शिकार है। पुलिस पीड़ित की पहचान स्थापित कर उसके परिवार को सूचित करने का प्रयास करेगी। कोई भी व्यक्ति सड़क दुर्घटना की सूचना देने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 हेल्पलाइन पर डायल कर सकता है।

**विकास** | महापौर और क्षेत्रीय पार्षद की उपस्थिति में कराया गया सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

# शहर के सभी वार्डों का पारदर्शी विकास नगर निगम की प्राथमिकता में शामिल



**नवभारत, कटनी।** शहर के बाल गंगाधर तिलक वार्ड में लगभग 20 लाख से अधिक की लागत से सड़क डामरीकरण विकास कार्य का भव्य भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, एमआईसी सदस्यों की गरिमामय मौजूदगी में संपन्न हुआ।

नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य इन विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाना है। बाल गंगाधर तिलक वार्ड की गली नंबर 7 लंबे समय से खराब स्थिति में थी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। डामरीकरण कार्य के पूरा होने से गली सुरक्षित और सुगम बनेगी। बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए यह सड़क दैनिक जीवन में राहत और सुविधा का कारण बनेगी। महापौर ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक वार्ड की यह सड़क परियोजना नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र की समग्र संरचना सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने विशेष रूप से नागरिकों को आश्वस्त किया कि नगर निगम सभी विकास कार्यों में उनके सुझाव और अनुभवों को ध्यान में रखेगा।

विकास सिर्फ ईंट-सीमेंट का नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का नाम है। इसके तहत नगर निगम आने वाले समय में हर वार्ड में समान रूप से सड़क, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक और सुरक्षित बनाने का प्रयास करेगा। भूमिपूजन के बाद महापौर ने वार्ड का भ्रमण किया और नागरिकों से सीधे संवाद किया।

उन्होंने सड़क, जल निकासी और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के मुद्दों पर लोगों से विचार विमर्श किया। वार्डवासियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिन्हें महापौर ने गंभीरता से सुना और उनका निवारण सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से प्रतीक्षित थी और इसके पूरा होने से नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और आवागमन में सुधार होगा। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए महापौर श्रीमती सूरी, क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव और नगर निगम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल ने न सिर्फ उनकी दैनिक जीवन की समस्याओं को हल किया है, बल्कि वार्ड में सुधार और सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है। नागरिकों का उत्साह और संतुष्टि इस विकास कार्य की सफलता का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव और काफी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति रही।




